रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** जब आयरन, कॉपर सल्फेट विलयन के साथ अभिक्रिया करता है, तो कौन-सा दृश्य परिवर्तन विस्थापन अभिक्रिया की पुष्टि करता है?

Ans A). विलयन का तापमान अचानक गिरता है B). रंगहीन गैस तेजी से विकसित होती है C). लाल-भूरा कॉपर निक्षेप दिखाई देता है D). तुरंत सफेद अवक्षेप बनता है

Correct Answer: C

**Q.2** मनुष्यों में किस श्वसन वर्णक में ऑक्सीजन के प्रति सबसे अधिक बंधुता (affinity) होती है?

Ans A). क्लोरोफिल B). केरेटिन C). हीमोग्लोबिन D). हीमोसायनिन

Correct Answer: C

**Q.3** यदि कोई व्यक्ति एक सीधे पथ के अनुदिश 5 मीटर पूर्व की ओर और फिर 12 मीटर पश्चिम की ओर चलता है, तो व्यक्ति के विस्थापन का परिमाण किस मान से निरूपित किया जाएगा?

Ans A). 17 मीटर B). 5 मीटर C). 12 मीटर D). 7 मीटर

Correct Answer: D

**Q.4** एक परिपथ में दो बिंदुओं के बीच विभवांतर 1 वोल्ट होता है यदि ________________।

Ans A). 1 ओम के प्रतिरोध के माध्यम से 1 कूलॉम आवेश प्रवाहित हो B). 1 ऐम्पियर धारा 1 सेकंड के लिए प्रवाहित हो C). 1 कूलॉम आवेश को स्थानांतरित करने में 1 जूल कार्य किया जाए D). 1 सेकंड में 1 जूल ऊर्जा की खपत हो

Correct Answer: C

**Q.5** एक वस्तु पर 300 N का बल कार्य करता है। यदि बल को नियत रखते हुए विस्थापन को तीन गुना अधिक कर दिया जाए, तो किया गया कार्य __________।

Ans A). नौ गुना हो जाता है B). तीन गुना हो जाता है C). 1/3 हो जाता है D). समान रहता है

Correct Answer: B

**Q.6** कल्पना लीजिए कि एक वैज्ञानिक किसी अज्ञात परमाणु का विश्लेषण करके पाता है कि इसकी द्रव्यमान संख्या 24 है तथा परमाणु संख्या 12 है। यदि नाभिकीय अभिक्रिया के कारण परमाणु में दो न्यूट्रॉन की लब्धि होती हैं, तो इसकी नई द्रव्यमान संख्या कितनी होगी?

Ans A). 26 B). 12 C). 24 D). 14

Correct Answer: A

**Q.7** निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया, बड़े सभाभवन में अनुरणन (reverberation) को सर्वाधिक प्रभावी रूप से कम करेगी?

Ans A). सभाभवन की कुछ सीटों को हटाना B). सभाभवन में और लाउडस्पीकर लगाना C). दीवारों को सामान्य पेंट से रंगना D). पूरे स्थान में पर्दे लगाना और कालीन बिछाना

Correct Answer: D

**Q.8** निम्नलिखित में से कौन-सा किसी परमाणु की द्रव्यमान संख्या को सही तरीके से परिभाषित करता है?

Ans A). केवल प्रोटॉनों की संख्या B). केवल इलेक्ट्रॉनों की संख्या C). इलेक्ट्रॉनों और न्यूट्रॉनों की संख्या D). प्रोटॉनों और न्यूट्रॉनों का योग

Correct Answer: D

**Q.9** **एक विद्यार्थी जल में अर्ध-डूबी पेंसिल (अपवर्तनांक 1.33) का प्रेक्षण करता है और पाता है कि पेंसिल का आभासी बंकन उस समय कम होता है जब वह 1.5 अपवर्तनांक वाले द्रव में होती है। यह अपवर्तनांक और प्रकाश बंकन के बीच संबंध के बारे में क्या सुझाव देता है?**

Ans A). अधिक अपवर्तनांक बंकन को बढ़ाता है B). सभी द्रवों के लिए बंकन समान होता है C). अधिक अपवर्तनांक बंकन को कम करता है D). अपवर्तनांक का बंकन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है

**Correct Answer: A**

---

**Q.10** **परिपक्वता पर कौन-सा पादप ऊतक मृत होता है लेकिन जल और खनिजों के परिवहन के लिए क्रियाशील होता है?**

Ans A). जाइलम (Xylem) B). पैरेन्काइमा (Parenchyma) C). फ्लोएम (Phloem) D). कॉलेन्काइमा (Collenchyma)

**Correct Answer: A**

---

**Q.11** **मानव शरीर में जठर रस का मान लगभग कितना होता है?**

Ans A). 10 - 11 B). 6.5 - 6.8 C). 7.0 - 7.4 D). 0.9 -1.2

**Correct Answer: D**

---

**Q.12** **एक वैज्ञानिक, रेत और आयोडीन के मिश्रण से शुद्ध ठोस आयोडीन प्राप्त करना चाहता है। इसके लिए उसे तापमान परिवर्तन की किस प्रक्रिया का उपयोग करना होगा?**

Ans A). हिमीकरण B). संघनन C). ऊर्ध्वपातन D). गलन

**Correct Answer: C**

---

**Q.13** **फ्लेमिंग के वाम-हस्त नियम में, कौन-सी उंगली चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को निरूपित करती है?**

Ans A). मध्यमा B). अंगुष्ठ C). तर्जनी D). अनामिका

**Correct Answer: C**

---

**Q.14** **गुलाब के पौधों, चमेली के पौधों, कीटों, सांप और पक्षियों वाले बगीचे के पारिस्थितिकी तंत्र में कौन-सा समूह, सौर ऊर्जा को अवशोषित करके इसे अन्य जीवों के लिए खाद्य में रूपांतरित करता है?**

Ans A). कीट B). पक्षी C). गुलाब और चमेली का पौधा D). केवल गुलाब का पौधा

**Correct Answer: C**

---

**Q.15** **पौधों में कौन-सा सरल स्थायी ऊतक, मुख्यत: प्रकाश संश्लेषण और भोजन के भंडारण के लिए उत्तरदायी होता है?**

Ans A). मृदूतक (Parenchyma) B). फ्लोएम (Phloem) C). स्थूलकोण ऊतक (Collenchyma) D). दृढ़ोतक (Sclerenchyma)

**Correct Answer: A**

---

**Q.16** **धातुओं और उनके गुणधर्मों का अध्ययन रसायन विज्ञान की किस शाखा से संबंधित है?**

Ans A). जैव-रसायन B). वैश्लेषिक रसायन C). अकार्बनिक रसायन D). भौतिक रसायन

**Correct Answer: C**

---

**Q.17** **स्टील से बनी औद्योगिक मशीनें प्राय: आर्द्र वातावरण में प्रचालित होती हैं। संक्षारण को न्यूनतम करने और मशीनी आयुकाल सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा नियमित अनुरक्षण कार्य सबसे प्रभावी है?**

Ans A). मशीनों को कागज की शीट से ढकना B). मशीनों पर जल छिड़काव करना C). मशीनों को सूखे तौलिये से पोंछना D). अनावृत हिस्सों पर स्नेहक तेल लगाना

**Correct Answer: D**

---

**Q.18** **निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प खाद्य जाल का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

Ans A). खाद्य श्रृंखलाओं में ऊर्जा अंतरण का द्वि-दिशात्मक मार्ग B). खाद्य श्रृंखलाओं में अनेक पोषी स्तरों पर अपघटकों की भूमिका C). कई खाद्य श्रृंखलाओं में पोषी स्तरों के बीच अंतर्संबंध D). विभिन्न खाद्य श्रृंखलाओं में उत्पादकों के बीच संबंध

**Correct Answer: C**

---

**Q.19** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है कि ध्वनि निर्वात में गमन क्यों नहीं कर सकती है?**

Ans A). ध्वनि को गमन करने के लिए प्रकाश की आवश्यकता होती है और निर्वात में प्रकाश नहीं होता है।

B). निर्वात में ध्वनि तरंगें अपने तारत्व को अश्रव्य स्तर पर बदल देती हैं।

C). ध्वनि को ऊर्जा अंतरण करने के लिए कणों की आवश्यकता होती है, लेकिन निर्वात में कोई कण नहीं होते हैं।

D). ध्वनि निर्वात में शीघ्रता से गमन करती है क्योंकि उसमें कोई अवरोध नहीं होता है।

**Correct Answer: C**

---

**Q.20** **45 N के बल से कोई वस्तु, बल की दिशा में 3 m तक गति करती है। किए गए कार्य की गणना कीजिए।**

Ans A). 125 J B). 145 J C). 135 J D). 155 J

**Correct Answer: C**

**Q.21** 0.6 kg की सॉकर बॉल और 1.0 kg की बास्केटबॉल को समान त्वरण के साथ किक किया जाता है। न्यूटन के द्वितीय नियम के अनुसार, कौन अधिक बल का अनुभव करेगी?

Ans A). दोनों समान बल का अनुभव करती है B). बास्केटबॉल, क्योंकि इसका द्रव्यमान अधिक है C). सॉकर बॉल, क्योंकि यह हल्की है D). द्रव्यमान के असापेक्ष उच्चतर त्वरण वाली बॉल

Correct Answer: B

**Q.22** फ्रेडरिक वॉहलर (Friedrich Wöhler) ने कार्बनिक यौगिक संश्लेषण के जीवन शक्ति सिद्धांत को किस प्रकार चुनौती दी?

Ans A). कार्बन के श्रृंखलन गुण की खोज करके B). अमोनियम सायनेट से यूरिया तैयार करके C). सजीव तंत्रों से प्राकृतिक पदार्थों का निष्कर्षण करके D). प्रयोगशाला में कार्बन डाइऑक्साइड का संश्लेषण करके

Correct Answer: B

**Q.23** खाद्य को देखने पर लार स्रवण (Salivation) होना किस प्रकार की क्रिया का उदाहरण है?

Ans A). नियोजित B). स्व-संचारी C). अनैच्छिक D). स्वैच्छिक

Correct Answer: C

**Q.24** वन में लंबे समय तक सूखे के कारण व्यापक रूप से वनस्पतियों की मृत्यु हो जाती है। पृथ्वी के अंतः सम्बद्ध क्षेत्रों के आधार पर, इसका संभावित परिणाम क्या है?

Ans A). वायुमंडल में ऑक्सीजन उत्पादन में वृद्धि B). सभी क्षेत्रों में ऑक्सीजन संतुलन में व्यवधान C). चट्टानों में नाइट्रोजन स्तरों में तत्काल वृद्धि D). जैवमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड के स्थायी स्तर

Correct Answer: B

**Q.25** निम्नलिखित में से किस एक को छोड़कर शेष सभी नाइट्रोजन उर्वरकों के अति उपयोग के परिणाम हैं?

Ans A). ऑक्सीजन की कमी के कारण मछलियों की मृत्यु B). जल निकायों में ऑक्सीजन वृद्धि C). शैवाल प्रस्फुटन निर्माण D). मृदा और जल निम्रीकरण

Correct Answer: B

**Q.26** $(a + b)^2 - (a - b)^2$ को सरल कीजिए।

Ans A). 2ab B). 4ab C). $a^2 - b^2$ D). $a^2 + b^2$

Correct Answer: B

**Q.27** रमन की आय ₹68,800 है। वह अपनी आय के 18.5% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 17% की वृद्धि होती है और व्यय में 25% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ____ होगी।

Ans A). ₹2,322 की कमी B). ₹2,319 की वृद्धि C). ₹2,325 की कमी D). ₹2,325 की वृद्धि

Correct Answer: A

**Q.28** सुमंत, कार द्वारा 29 km/hr की चाल से एक निश्चित दूरी तय करता है और फिर 28 km/hr की चाल से स्कूटर चलाकर शुरुआती बिंदु पर वापस आ जाता है। संपूर्ण यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans A). $28\frac{28}{57}$ km/hr B). $26\frac{28}{57}$ km/hr C). $27\frac{28}{57}$ km/hr D). $29\frac{28}{57}$ km/hr

Correct Answer: A

**Q.29** 20 cm त्रिज्या और 60 cm ऊँचाई वाले बेलन के संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल और पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans A). 3:2 B). 3:4 C). 4:3 D). 2:3

Correct Answer: C

**Q.30** $\left[\frac{\sin^2 25^\circ + \sin^2 65^\circ}{\cos^2 25^\circ + \cos^2 65^\circ} + \sin^2 57^\circ + \cos 57^\circ \sin 33^\circ\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 0 B). −1 C). 1 D). 2

Correct Answer: D

**Q.31** यदि $52^{0.21} = x$, $52^{0.18} = y$ और $x^z = y^{10}$ है, तो z का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 6.58 B). 7.97 C). 8.57 D). 9.66

Correct Answer: C

**Q.32** यदि ₹600 की राशि 2.5 वर्षों के लिए 8% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 170 B). 220 C). 120 D). 100

Correct Answer: C

**Q.33** दो त्रिभुज LMN और OPQ सर्वांगसम हैं। यदि ΔLMN का क्षेत्रफल 74 $cm^2$ है, तो ΔOPQ का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 18.5 $cm^2$ B). 148 $cm^2$ C). 37 $cm^2$ D). 74 $cm^2$

Correct Answer: D

**Q.34** एक शहर की जनसंख्या 80,000 है। पहले वर्ष में जनसंख्या में 10% की वृद्धि होती है, दूसरे वर्ष में 5% की कमी होती है और तीसरे वर्ष में फिर से 20% की वृद्धि होती है। अंतिम जनसंख्या कितनी होगी?

**Ans** A). 1,10,320 B). 1,01,320 C). 1,07,320 D). 1,00,320

Correct Answer: D

**Q.35** 5 पुरुष और 15 महिलाएं किसी कार्य को 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि 15 पुरुष और 5 महिलाएं उसी कार्य को 20 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 40 महिलाएं उस कार्य को कितने दिनों में पूरा करेंगी?

**Ans** A). 4 दिन B). 30 दिन C). 10 दिन D). 15 दिन

Correct Answer: A

**Q.36** आंकड़ों के समुच्चय के माध्य और बहुलक क्रमशः 53.8 और 75.7 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करके आंकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 60.8 B). 61.2 C). 61.1 D). 60.5

Correct Answer: C

**Q.37** P, Q और R मिलकर एक व्यवसाय शुरू करते हैं, जिसमें वे 4:5:6 के अनुपात में धनराशि का निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ को उनके बीच समान अनुपात में विभाजित किया जाता है और Q को ₹15,000 प्राप्त होता है, तो कुल लाभ कितना है?

**Ans** A). ₹51,000 B). ₹45,000 C). ₹54,000 D). ₹60,000

Correct Answer: B

**Q.38** त्रिभुज PQR में भुजाएँ PQ और PR क्रमशः 26 cm और 17 cm की स्थिर लंबाई की हैं। बिंदु S भुजा QR पर इस प्रकार स्थित है कि QS:SR = 3:5 है। त्रिभुज PQS का क्षेत्रफल 120 $cm^2$ है। त्रिभुज PQR का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 322.5 $cm^2$ B). 308 $cm^2$ C). 320 $cm^2$ D). 315 $cm^2$

Correct Answer: C

**Q.39** यदि $\sin A = \frac{4}{5}$ है, A एक न्यूनकोण है, तो $\sec A \times \sin A - \operatorname{cosec} A \times \cos A$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 0 B). $\frac{5}{6}$ C). $\frac{7}{12}$ D). $\frac{3}{8}$

Correct Answer: C

**Q.40** 7-अंकों की संख्या 86A238B, 3 से विभाज्य है। (A + B) का न्यूनतम मान कितना होगा?

**Ans** A). 3 B). 5 C). 0 D). 4

Correct Answer: C

**Q.41** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 17% और 35% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान II, 99% और 23% की क्रमिक छूट प्रदान करती है, दुकान III, 31% और 98% की क्रमिक छूट प्रदान करती है और दुकान IV, 66%, 30% और 37% की क्रमिक छूट प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम मूल्य पर बेच रही है?

**Ans** A). III B). I C). IV D). II

Correct Answer: D

**Q.42** दो संख्याओं का अनुपात 2 : 5 है। यदि उनका योगफल 49 है, तो दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 25 B). 35 C). 42 D). 14

Correct Answer: B

**Q.43** नीचे दी गई तालिका एक बुकस्टोर द्वारा तीन महीनों के दौरान चार श्रेणियों में बेची गई पुस्तकों की संख्या, तथा प्रति पुस्तक औसत विक्रय मूल्य को दर्शाती है।

| महीना | फिक्शन | नॉन-फिक्शन | बाल पुस्तकें | अकादमिक | प्रति पुस्तक औसत विक्रय मूल्य (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| जनवरी | 1,200 | 900 | 1,500 | 800 | 250 |
| फरवरी | 1,400 | 1,000 | 1,600 | 900 | 260 |
| मार्च | 1,300 | 1,200 | 1,700 | 1,000 | 270 |

किस महीने में बाल पुस्तकों और अकादमिक पुस्तकों की बिक्री का अनुपात सर्वाधिक था?

**Ans** A). फरवरी B). जनवरी C). मार्च D). सभी महीनों में समान

Correct Answer: B

**Q.44** 12 m, 18 m, और 24 m लंबाई वाली तीन रस्सियों को बराबर लंबाई वाले टुकड़ों में इस प्रकार काटा जाना है कि किसी भी रस्सी से कोई भाग शेष न बचे। प्रत्येक टुकड़े की अधिकतम संभावित लंबाई (मीटर में) कितनी होगी?

**Ans** A). 3 B). 12 C). 6 D). 9

Correct Answer: C

**Q.45** निम्नलिखित मदों से माध्य की गणना कीजिए।

163, 141, 155, 175, 186, 206

Ans A). 172 B). 173 C). 170 D). 171

Correct Answer: D

**Q.46** अरविंद ने ₹x में एक वस्तु खरीदी। उसने इसे बीरू को 15% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹157 खर्च किए और इसे मीनू को 40% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,505 में खरीदा, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1,180 B). 1,080 C). 1,160 D). 1,060

Correct Answer: B

**Q.47** एक परिवार जिसकी मासिक आय ₹60,000 है, इस धनराशि का 30% भोजन पर व्यय करता है। इस व्यय का मौद्रिक मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹18,000 B). ₹15,000 C). ₹10,000 D). ₹12,000

Correct Answer: A

**Q.48** एक बस शहर A से शहर B तक जाती है, जिनके बीच की दूरी 210 km है। पिछले 90 km के लिए, बस अपनी चाल को उस चाल से 5 km/h बढ़ा देती है जिस चाल से वह चल रही थी। यदि यात्रा की औसत चाल 42 km/h है और यदि बस पूरी दूरी उसी चाल से तय करती है जिस चाल से उसने यात्रा का पहला हिस्सा तय किया था, तो यात्रा में लगा कुल समय (घंटे में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 5.25 B). 4.67 C). 4.75 D). 5.62

Correct Answer: A

**Q.49** रवि ₹100 प्रति kg की दर से 2 kg सेब और ₹60 प्रति kg की दर से 3 kg केले खरीदता है। उसके द्वारा खरीदे गए फलों का प्रति kg औसत मूल्य कितना है?

Ans A). ₹70 B). ₹72 C). ₹80 D). ₹76

Correct Answer: D

**Q.50** महेश एक निश्चित राशि 20% वार्षिक ब्याज दर पर जमा करता है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। 2 वर्ष के अंत में, महेश को कुल ₹18,000 की राशि प्राप्त होती है। महेश द्वारा जमा की गई राशि कितनी थी?

Ans A). ₹12,996 B). ₹12,500 C). ₹12,800 D). ₹12,129

Correct Answer: B

**Q.51** एक निश्चित कूट भाषा में, 'this chair is strong' को 'ra mn kb lt' के रूप में और 'smoking is bad habit' को 'mn tg lo cx' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'is' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

Ans A). cx B). ra C). tg D). mn

Correct Answer: D

**Q.52** शब्द DECOLORISES के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

Ans A). चार B). एक C). दो D). तीन

Correct Answer: D

**Q.53** निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) D D O J J D A U B E K E H M Y V U A V I I H (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans A). 5 B). 4 C). 3 D). 2

Correct Answer: C

**Q.54** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपरोक्त के आधार पर, यदि 'D + Y @ R # B - G' है, तो D का G से क्या संबंध है?

Ans A). पिता के भाई की पुत्री B). पत्नी के पिता के भाई की पत्नी C). पिता के भाई की पत्नी D). पत्नी के पिता के भाई की पुत्री

Correct Answer: D

Q.55 यदि 'I' का अर्थ '+' है, 'J' का अर्थ '×' है, 'K' का अर्थ '÷' है और 'L' का अर्थ '-' है, तो निम्नांकित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
9 J 5 I 40 K 8 L 10 = ?

Ans A). 54 B). 31 C). 25 D). 40

Correct Answer: D

Q.56 एक निश्चित तरीके से, UO 7 का संबंध WR -2 से है। उसी तरीके से, EK 12 का संबंध GN 3 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VW 2 का संबंध निम्नलिखित में से किससे होगा?

Ans A). VX -5 B). XW -6 C). GT -8 D). XZ -7

Correct Answer: D

Q.57 निम्नलिखित संख्या-श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 7 8 7 8 5 6 9 4 8 7 5 9 8 4 7 3 4 9 1 9 3 2 9 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद में एक विषम अंक है?

Ans A). एक B). दो C). एक भी नहीं D). तीन

Correct Answer: D

Q.58 एक प्रश्न के बाद दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें (I) और (II) से क्रमांकित किया गया है। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

प्रश्न: P, Q, R, S और T की आयु अलग-अलग है। इनमें से सबसे बड़ा कौन है?
कथन:
(I) R, S और T से बड़ा है, लेकिन Q से छोटा है।
(II) Q, P से छोटा है। P, R से बड़ा है।

Ans A). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

B). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

C). कथन I और II दोनों एक साथ (न तो अकेले कथन I और न ही अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

D). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Correct Answer: C

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). GJ - HK B). KN - LO C). UX - VZ D). PS - QT

Correct Answer: C

Q.60 सात व्यक्ति, P, Q, S, T, U, V, और W, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। U के बाएं कोई नहीं बैठा है। U और Q के बीच ठीक चार व्यक्ति बैठे हैं। W के दाएं केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। T, V के बाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। P, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है। दी गई जानकारी के आधार पर, पंक्ति के दाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans A). Q B). P C). T D). S

Correct Answer: B

Q.61 पीयूष अपनी कक्षा में शीर्ष से 18वें और नीचे से 62वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans A). 79 B). 80 C). 78 D). 77

Correct Answer: A

Q.62 एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध 22 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 11 का संबंध 28 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 7 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 18 B). 20 C). 16 D). 26

Correct Answer: C

Q.63 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
Q और R के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। केवल Q, I के बाएँ बैठा है। J और Z के बीच केवल P बैठा है और J, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
पंक्ति के दाएँ छोर पर कौन बैठा है?

Ans A). Q B). R C). K D). J

Correct Answer: C

**Q.64** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
JAR ORA VET AND
प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से प्रतिस्थापित कर दिया जाता है। इस प्रकार निर्मित कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं दिखाई देगा?

Ans A). चार B). एक C). तीन D). दो **Correct Answer: D**

---

**Q.65** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

CZX WTR QNL KHF ?

Ans A). EBZ B). EXR C). ERT D). EBY **Correct Answer: A**

---

**Q.66** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 A 4 B 5 C 7 D 8 = ?

Ans A). 12 B). 11 C). 14 D). 13 **Correct Answer: C**

---

**Q.67** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). OQ - WY B). MO - UW C). PR - XZ D). IK - MK **Correct Answer: D**

---

**Q.68** श्री तोसी बिंदु A से प्रारंभ करके उत्तर की ओर 21 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़कर 32 km ड्राइव करते हैं, फिर बाएं मुड़ते हैं तथा 25 km ड्राइव करते हैं। इसके बाद वे फिर बाएं मुड़कर 40 km ड्राइव करते हैं। अंत में वे बाएं मुड़कर 4 km ड्राइव करते हैं तथा बिंदु P पर रुक जाते हैं। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तथा किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 8 km पश्चिम की ओर B). 6 km पश्चिम की ओर C). 5 km पूर्व की ओर D). 9 km पूर्व की ओर **Correct Answer: A**

---

**Q.69** नौ बक्से M, N, O, P, Q, R, S, T और U एक के ऊपर एक रखे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों।
P शीर्ष से पाँचवें स्थान पर रखा है। P और N के बीच केवल तीन बक्से हैं। N सबसे नीचे नहीं है। Q और N के बीच केवल दो बक्से हैं। M और R के बीच केवल S रखा है। O, R के ठीक नीचे रखा है। T, N के ठीक नीचे नहीं रखा है।
U और S के ठीक बीच में कितने बक्से रखे हैं?

Ans A). तीन B). चार C). दो D). एक **Correct Answer: B**

---

**Q.70** यदि शब्द COLLEAGUE के सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में, कौन-सा अक्षर दाएँ छोर से पाँचवें स्थान पर होगा?

Ans A). E B). L C). O D). G **Correct Answer: D**

---

**Q.71** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

620 × 4 + 6 ÷ 8 − 6 = ?

Ans A). 132 B). 113 C). 72 D). 82 **Correct Answer: B**

---

**Q.72** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से DMVY का संबंध TCLO से है। उसी प्रकार, PYHK का संबंध FOXA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LUDG का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans A). BTRE B). BWET C). BKIO D). BKTW **Correct Answer: D**

**Q.73** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
38 - 114 - 228 ;
76 - 228 - 456

**Ans** A). 54 - 166 - 324 B). 66 - 198 - 369 C). 49 - 157 - 299 D). 89 - 267 - 534

**Correct Answer: D**

---

**Q.74** एक प्रश्न के बाद दो कथन, (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही उत्तर का चयन करें।

**Q.** पांच व्यक्तियों P, Q, R, S, और T में से सबसे बड़ा कौन है?
**(I)** P, Q से बड़ा है। Q, R से बड़ा है। R, S से बड़ा है। S, T से बड़ा है।
**(II)** Q, R से बड़ा है।

**Ans** A). कथन I और कथन II दोनों मिलकर (और न कि अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
B). कथन I और कथन II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
C). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।
D). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं है।

**Correct Answer: C**

---

**Q.75** निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। सभी संख्याएं केवल एकल अंक वाली संख्याएं हैं। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 M & 8 L $ 4 K % 7 G # H 7 @ 3 N ! O C * (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक संख्या है?

**Ans** A). दो B). एक C). एक भी नहीं D). तीन

**Correct Answer: D**

---

**Q.76** A, B, C, D, S और T एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल को 1 के रूप में क्रमांकित किया गया है, उसके ठीक ऊपर वाले तल को 2 के रूप में क्रमांकित किया गया है और उसी प्रकार से, सबसे ऊपरी तल को 6 के रूप में क्रमांकित किया गया है। C के ऊपर केवल B रहता है। S, C के ठीक नीचे रहता है। T के नीचे केवल A रहता है। तल क्रमांक 3 पर कौन रहता है?

**Ans** A). S B). T C). A D). D

**Correct Answer: D**

---

**Q.77** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

COW KEY FAN BAR

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

**Ans** A). चार B). दो C). तीन D). एक भी नहीं

**Correct Answer: C**

---

**Q.78** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

142 199 167 224 192 249 ?

**Ans** A). 209 B). 217 C). 201 D). 225

**Correct Answer: B**

---

**Q.79** एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'चारू # गोपाल @ राहुल % विनय $ अतुल' है, तो चारू का अतुल से क्या संबंध है?

**Ans** A). पत्नी के पिता की माता का पिता B). पत्नी की माता की माता का भाई C). पत्नी के पिता की माता का भाई D). पत्नी की माता की माता का पिता

**Correct Answer: C**

**Q.80** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों द्वारा अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

XVT–WUS
VTR–USQ

Ans A). JGD–IGE B). JGD–HFD C). JHF–IGE D). JHF–HGD

Correct Answer: C

**Q.81** किस उपन्यास ने 2026 में कथा साहित्य के लिए पुलित्जर (Pulitzer) पुरस्कार जीता, जिसमें प्रथम विश्व युद्ध के आख्यान में रूपक, जादुई यथार्थवाद और विज्ञान कथा साहित्य का मिश्रण था?

Ans A). एंजल डाउन (Angel Down) B). द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर (The Heaven and Earth Grocery Store) C). डेमन कॉपरहेड (Demon Copperhead) D). ट्रस्ट (Trust)

Correct Answer: A

**Q.82** 2026 के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद, लगभग एक दशक बाद किस राज्य में INC के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) सत्ता में वापस आया?

Ans A). केरल B). कर्नाटक C). आंध्र प्रदेश D). तमिलनाडु

Correct Answer: A

**Q.83** नाबालिगों की तस्करी और उनके व्यावसायिक यौन शोषण पर सर्वोच्च न्यायालय के 2026 के निर्णय के अनुसार, तस्करों पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम के अतिरिक्त किन कानूनों के संयोजन के अंतर्गत मुकदमा चलाया जा सकता है?

Ans A). किशोर न्याय अधिनियम और भारतीय साक्ष्य अधिनियम B). सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम C). भारतीय न्याय संहिता और अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम D). भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और किशोर न्याय अधिनियम

Correct Answer: C

**Q.84** किस टेनिस खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 में पुरुष एकल (men's singles) का खिताब जीता था और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी बने थे?

Ans A). डेनियल मेदवेदेव (Daniil Medvedev) B). नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) C). जानिक सिनर (Jannik Sinner) D). कार्लोस अल्कराज (Carlos Alcaraz)

Correct Answer: D

**Q.85** मई 2026 में एकीकृत बहुउद्देशीय इनडोर खेल परिसर के उद्घाटन के लिए, निम्नलिखित में से किस पूर्वोत्तर शहर का चयन किया गया था?

Ans A). अगरतला B). इम्फाल C). कोहिमा D). शिलांग

Correct Answer: D

**Q.86** चागोस द्वीपसमूह की संप्रभुता के संबंध में 2025 में किन दो देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?

Ans A). भारत और मालदीव B). संयुक्त राज्य अमेरिका और मॉरीशस C). यूनाइटेड किंगडम और मॉरीशस D). फ्रांस और सेशेल्स

Correct Answer: C

**Q.87** भारत सरकार का वह कौन-सा नीतिगत थिंक टैंक और प्रशासनिक निकाय है जो मई 2026 में आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में रियल-टाइम शासन तथा अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता को सुदृढ़ बनाने के लिए सेंट्रल प्रभारी ऑफिसर (CPO) पोर्टल का शुभारंभ करने के लिए चर्चा में था?

Ans A). नीति आयोग B). संघ लोक सेवा आयोग C). भारत निर्वाचन आयोग D). वित्त आयोग

Correct Answer: A

**Q.88** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, 1 दिसंबर, 2025 को मनाए गए विश्व एड्स दिवस की थीम क्या थी?

Ans A). ओवरकमिंग डिसरप्शन, ट्रांसफॉर्मिंग द एड्स रिस्पॉन्स (Overcoming disruption, transforming the AIDS response)
B). होप एंड प्रोग्रेस: फाइटिंग एचआईवी टुगेदर (Hope and Progress: Fighting HIV Together)
C). यूनाइटेड फॉर अ वर्ल्ड विदाउट एड्स (United for a World Without AIDS)
D). एंडिंग एड्स: अ ग्लोबल कमिटमेंट (Ending AIDS: A Global Commitment)

Correct Answer: A

**Q.89** किस बल की प्रथम पूर्ण-महिला अभियान टीम (all-women expedition team) ने 2026 में माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की, जिसके लिए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई दी?

Ans A). भारत-तिब्बत सीमा पुलिस B). केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल C). सीमा सुरक्षा बल D). सशस्त्र सीमा बल

Correct Answer: A

**Q.90** दिसंबर 2025 में, सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (MoHFW) की ई-हेल्थ एआई यूनिट (eHealth AI Unit) के सहयोग से किस रोग के लिए देश का पहला एआई-सहायता प्राप्त स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू किया?

Ans A). स्ट्रोक (Stroke) B). मधुमेह रेटिनोपैथी (Diabetic Retinopathy) C). स्तन कैंसर (Breast Cancer) D). यक्ष्मा (Tuberculosis)

Correct Answer: B

**Q.91** वर्ष 2026 में मुंबई में 63वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस समारोह का ग्रैंड फिनाले किस महीने में हुआ था?

Ans A). अप्रैल B). जनवरी C). मार्च D). फरवरी

Correct Answer: A

**Q.92** भारत ने वर्ष 2026 के लिए किस अंतर्राष्ट्रीय समूह की अध्यक्षता ग्रहण की?

Ans A). ओईसीडी (OECD) B). जी-7 (G-7) C). आसियान (ASEAN) D). ब्रिक्स (BRICS)

Correct Answer: D

**Q.93** 14 फरवरी 2026 को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने, विज्ञान भवन नई दिल्ली में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन किस प्लेटफार्म से संबंधित था?

Ans A). शी-बॉक्स (SHe-Box) B). बेटी बचाओ डैशबोर्ड (Beti Bachao Dashboard) C). मिशन पोषण ट्रैकर (Mission Poshan Tracker) D). नारी शक्ति पोर्टल (Nari Shakti Portal)

Correct Answer: A

**Q.94** जर्मनवॉच क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2026 (Germanwatch Climate Risk Index 2026) के अनुसार, जो वर्ष 1995–2024 की अवधि तक के लिए जलवायु-संबंधी प्रभावों का आकलन करता है, भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?

Ans A). 7वाँ B). 5वाँ C). 12वाँ D). 9वाँ

Correct Answer: D

**Q.95** 2 मई, 2026 को भारत ने आपदा अलर्ट के लिए एक स्वदेशी सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम (CBS) की शुरुआत की। इस तकनीक को किस संगठन ने विकसित किया है?

Ans A). ISRO (इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन) B). TRAI (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया) C). C-DOT (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स) D). DRDO (डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन)

Correct Answer: C

**Q.96** दिसंबर 2025 में दोहा में आयोजित 2025 FIDE वर्ल्ड ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप (2025 FIDE World Blitz Chess Championship) में किस शतरंज खिलाड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया था?

Ans A). अर्जुन एरिगैसी (Arjun Erigaisi) B). मैग्नस कार्लसन (Magnus Carlsen) C). वेस्ली सो (Wesley So) D). नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव (Nodirbek Abdusattorov)

Correct Answer: A

**Q.97** जनवरी 2026 में, दिल्ली सरकार के बैंकर और ऋण प्रबंधक (debt manager) के रूप में काम करने के लिए दिल्ली सरकार ने किस बैंकिंग संस्था के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए?

Ans A). भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) B). भारतीय स्टेट बैंक (SBI) C). भारतीय निर्यात-आयात बैंक (EXIM बैंक) D). राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)

Correct Answer: A

**Q.98** 24 जनवरी 2026 को आयोजित 60वीं नेशनल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप किस शहर में आयोजित की गई थी?

Ans A). भोपाल B). गुवाहाटी C). पटियाला D). रांची

Correct Answer: D

**Q.99** MoSPI के बुलेटिन "प्लैनेट इन फोकस (Planet in Focus)" के अनुसार, 2026 में स्वच्छ जल और स्वच्छता में भारत की प्रगति को कौन-सा विशिष्ट सतत विकास लक्ष्य (SDG) निरूपित करता है?

Ans A). SDG 5 B). SDG 8 C). SDG 7 D). SDG 6

Correct Answer: D

**Q.100** बजट सत्र 2026 के दौरान कौन-सा महत्वपूर्ण सामाजिक न्याय विधान पारित किया गया?

Ans A). राष्ट्रीय शहरी प्रवासन विनियमन और आवास समानता विधेयक, 2026 B). राष्ट्रीय डिजिटल गोपनीयता और चुनावी प्रमाणीकरण अधिनियम, 2026 C). समान कृषि भूमि पुनर्वितरण और पुनर्वास विधेयक, 2026 D). ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक, 2026

Correct Answer: D

"